## सेविका हॉस्पिटल करेगा हेलमेट का वितरण

**सवाईमाधोपुर।** अपेक्स रणथंभौर सेविका हॉस्पिटल के केंद्र अधीक्षक अभिमन्यु सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कल बुधवार को प्रातः 11:00 बजे जिला प्रशासन के सहयोग से सेविका हॉस्पिटल की तरफ से हेलमेट का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर सवाई माधोपुर तथा बाहर से आने वाले सभी नागरिकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में बताया जाएगा और उनके तथा उनके परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनाकर सुरक्षा के प्रति सचेत किया जाएगा। अभिमन्यु सिंह ने बताया कि हॉस्पिटल की तरफ से रणथंबोर चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से 101 हेलमेट वितरण कर नागरिकों की सुरक्षा का पूर्ण प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के कर कमल द्वारा हेलमेट वितरण की शुरुआत की जाएगी, जो भी नागरिक हेलमेट नहीं लगाते हैं अथवा हेलमेट से वंचित है, उनको हेलमेट देकर सुरक्षित रहने का वादा उनके द्वारा करवाया जाएगा। अभिमन्यु सिंह ने बताया कि सभी हेलमेट उच्च गुणवत्ता वाले तथा भारतीय मानक आई एस आई वाले होंगे। वर्तमान में मुख्यालय पर बढ़ते ट्रैफिक और आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोकने की कोशिश करते हुए वे दुपहिया चालकों को यह हेलमेट वितरित कर उनके व उनके परिवार की सुरक्षा के प्रति सबको सचेत करेंगे।

# वेतन व विभिन्न मांगों को लेकर पटवारियों ने किया प्रदर्शन

**गंगापुर सिटी ।** अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को पटवारियों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। इससे पहले पटवार कार्यालय पर एकत्रित होकर पटवारियों ने नारेबाजी के बाद तहसीलदार सुधा रानी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मुख्य सचिव और राजस्व मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

- **सीएम के नाम सौपा ज्ञापन**
- **पटवार संघ के अध्यक्ष धर्मसिंह के नेतृत्व में पटवारी 13 जनवरी से हडताल पर हैं**



**पटवारियों ने गंगापुर सिटी में विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार सुधा रानी को ज्ञापन दिया।**

पटवार संघ के अध्यक्ष धर्मसिंह के नेतृत्व में पटवारी 13 जनवरी से हडताल पर हैं। उनकी प्रमुख मांगों में पटवारी पद को तकनीकी घोषित कर ग्रेड-पे 36०० करना, गिरदावरी एप में आवश्यक संशोधन और सर्वेयर नियुक्ति का विरोध शामिल है।

साथ ही 1035 पटवार मंडल में वित्तीय स्वीकृति और भू-अभिलेख निरीक्षक से नायब तहसीलदार पद की डीपीसी की मांग भी की गई है।

पटवारियों ने 9 हजार गिरदावरों को टेबलेट उपलब्ध कराने, हार्ड ड्यूटी भत्ता 2250 से बढाकर 5000 रुपए और स्टेशनरी भत्ता 400 से बढाकर 1000 रुपए करने की मांग रखी है। भू-प्रबंध आयुक्त द्वारा जारी वरिष्ठता सूची को निरस्त कर नई सूची जारी करने की मांग भी प्रमुख है।

प्रदर्शन में रामराम गुर्जर, कमलसिंह मीणा, अनिल सिसोदिया, प्रियंका मेहरा, सिंह पदमावती समेत कई पटवारी मौजूद रहे। पटवारियों की हडताल से आम जनता के राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। राज्य बजट से पूर्व प्री स्टेकहोल्डर से सुक्षावों को आंमत्रित करने हेतु द्वितीय दिवस मंगलवार को संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन महात्मा गांधी वेटनरी कॉलेज में अतिरिक्त कलक्टर घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यकम के नोडल अधिकारी कोषाधिकारी डॉ लोकेन्द्र सिंह ने बजट पूर्व सुझावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में सहयोग हेतु सहायक लेखाधिकारी बृजेश गुप्ता, हेमन्त पाण्डेय को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का आरंभ वित्त विभाग से पधारे विशिष्ठ अतिथि नम्रता धीमरी तथा विजय के सानिध्य में गणेश वंदन के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में भरतपुर संभाग के विभिन्न जिलों से पधारे अधिकारियों एवं स्टेकहॉल्डर द्वारा बजट प्रस्तुतीकरण के संबंध में अपने अमुल्य सुझाव प्रदान किये गये। कार्यक्रम में देशराज सिंह, योगेश शर्मा, तथा अन्य संभाग स्तरीय अधिकारियों द्वारा कृषि, पशुपालन, डेयरी आदि विभाग में बजट के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अंत में कार्यशाला का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन विजय सिंह वरिष्ठ शारिरिक शिक्षक द्वारा किया गया। कोषाधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि बजट पूर्व कार्यशाला 29 जनवरी तक आयोजित की जाएगी, जिसमे सम्भाग स्तरीय स्टेक होल्डर्स सुझाव देंगे।

## सार-समाचार

### नवल किशोर शर्मा सम्मानित



**विप्र सेना बयाना तहसील अध्यक्ष नवल किशोर शर्मा को समाज सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया।**

**बयाना ।** उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उपखंड स्तरीय अधिकारियों एवं माननीया विधायक रितु बनावत जी द्वारा विप्र सेना बयाना तहसील अध्यक्ष नवल किशोर शर्मा को समाज सेवा एवं अच्छे कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान प्राप्त किया गणतंत्र दिवस पर के पावन अवसर पर अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प व माला अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई वही अतिथियों का द्वारा माला पहनकर स्वागत सम्मान किया ।

### मथुरा गेट थाने का निरीक्षण

**भरतपुर** (निस)। मंगलवार को शहर स्थित थाना मथुरा गेट का अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर राहुल सैनी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय में थाना मानचित्र, रोजनामचा रजिस्टर, गुमशुदगी, एफआईआर, महिला डेस्क, बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट, आर्म्स लाईसेंन्स, इन्सदादी रजिस्टर एवं कार्यवाही रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। उन्होंने मालखाना को सुरक्षित कक्ष में रखने के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने थाना परिसर में सीसीटीवी कैमरे नियमित रूप से सुचारू रखने एवं आमजन से प्राप्त परिवेदनाओं को प्राथमिकता से निस्तारण करने साथ ही थाना परिसर में साफ-सफाई नियमित रूप से करवाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने हार्डकोर अपराधियों का प्रथम से रजिस्टर संधारण करने तथा थाने में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किये गये। उन्होंने शहर में चोरी, टटलूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों की रोकथाम हेतु रात्रि कालीन गश्त नियमित रूप से जारी रखने एवं निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। कॉलोनी अथवा मोहल्लों में बीटवाईज नियुक्त पुलिस कर्मियों के नाम व मोबाईल नम्बर साफ अक्षरों में अंकित किये जाने के निर्देश प्रदान किये।

### शिविर में 65 युवाओं का चयन

**करौली** (निं.सं.)। सहायक निदेशक जिला रोजगार कार्यालय रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान से प्राप्त निर्देशानुसार कौशल रोजगार एवं उद्यिमता विभाग करौली के द्वारा मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से जिला मुख्यालय पर पुरानी कलेक्ट्रेट के पास स्थित डाईट के परिसर में एक दिवसीय कौशल रोजगार एवं उद्यिमता शिविर का आयोजन किया गया । शीविर में लगभग 250 आशार्थीयों ने भाग लिया निजि क्षेत्र कि कम्पनियों के द्वारा 65 बेरोजगार युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया साथ ही विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के द्वारा काउन्टर लगाये जाकर युवाओ को उनके द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों स्वरोजगार योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारी

**करौली** (निं.सं.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने ठााम पंचायत कैमरी में 2 फरवरी को बसंत पंचमी पर आयोजित होने वाले जगदीश धाम मेले में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए व्यवस्थाओं एवं अब तक कि गई तैयारियों का मंगलवार को निरीक्षण कर जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए ठााम पंचायत में चिन्हित किये गये हैलीपेड,सभास्थल,साफ-सफाई,सुरक्षा व्यवस्था सहित आस-पास अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय,उपखंड अधिकारी नादौती सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### महिलाओं को दिया वाहन चालन प्रशिक्षण

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान मरू उड़ान नवाचार तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग की ओर से मंगलवार को प्रादेशिक परिवहन कार्यालय परिसर में महिलाओं को वाहन चालन प्रशिक्षण, यातायात नियमों की जानकारी एवं सुरक्षित वाहन चालन कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी पीएल बामनिया ने बताया कि सड़क दुर्घटना होने पर दुर्घटनाठास्त व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पडता है और इससे बचने के लिये वाहन चलाते समय यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए। जिला परिवहन अधिकारी अभय मुदगल ने महिलाओं को किसी एनजीओ के माध्यम से महिलाओं को वाहन चालन प्रशिक्षण करवाने के बारे में अवगत कराया गया। इसी प्रकार परिवहन निरीक्षक नीतू शर्मा द्वारा वाहन चालन प्रशिक्षण एवं ड्राइविंग लाइसेंस का प्रशिक्षण तथा लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। परिवहन निरीक्षक शिवराम यादव द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं के कर्तव्यों एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अधिकारियों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ लोगो युक्त मग देकर स्वागत किया गया। इस अवसर उपनिदेशक महिला अधिकारिता पर राजेश कुमार ने विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के उपरान्त एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के अन्त में सड़क सुरक्षा एवं बाल विवाह की शपथ दिलवाई गई। कार्यशाला का आयोजन जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा बशुमती एवं नीरज कुंतल द्वारा किया गया।

### जरूरतमंद बालिकाओं को कन्यादान दिया

**भरतपुर** (निस)। प्रयास संस्था द्वारा आयोजित कन्यादान कार्यक्रम अठावाल धर्मशाला खिरनी घाट पर किया गया। प्रयास संस्था की अध्यक्ष अंजू मित्तल ने बताया कि संस्था द्वारा 3 कन्याओ रेखा, बीनू, रचना को कन्यादान का सामान दिया गया। प्रयास संस्था द्वारा समय समय पर समाज के लिए कार्य किया जाता रहता है संस्था द्वारा दिसंबर मे दिव्यांग फैशन एंड टैलेंट शो भी किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रयास संस्था द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओ की शादी हेतु कन्या दान का सामान दिया गया और उनके मनोरंजन के लिये ढोल एव गीत का कार्यक्रम भी रखा गया। कन्याये कार्यक्रम को देख कर बहुत प्रसन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं द्वारा कहा कि कन्यादान न केवल हमारी परंपरा है बल्कि सामाजिक एकता व सेवा का प्रतीक है और प्रयास संस्था ने आगे भी यह कार्यक्रम करते रहने की बात कही। डिम्पल मित्तल ने बताया कि कन्याओं मे एक कन्या भरतपुर की है और दो आसपास के गाँव से हैं। कार्यक्रम में सजावट एवं नास्ते का प्रबन्ध भी संस्था द्वारा कराया गया। संस्था की सिपिका गोयल ने कहा कि हर लड़की के सपने होते हैं ।

### किशोर ने खुदकुशी की

**भरतपुर** (निस)। शहर के मथुरा गेट थाना क्षेत्र में 12वीं कक्षा के एक किशोर ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिस पर मथुरा गेट थाना पुलिस ने मृतक के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि एक दिन पूर्व ही छात्र को मन लगाकर पढने की बात कहकर समझा कर गए थे और आज उन्हें सूचना मिली कि बच्चे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मथुरा गेट थाना के एएसआई हरगोपाल ने बताया कि उनके पास दोपहर को सूचना आई कि रूपेन्द्र निवासी लक्ष्मी नगर ने उन्हें जानकारी दी कि किराए पर रहने वाले 17 साल के मोहन ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है। सोहन यूपी के अछनेरा हसेला का रहने वाला था। सूचना पर पुलिस मौके पर पंहुंची गेट तोडकर छात्र को उतारा और अस्पताल ले गए। जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सोहन अपने छोटे भाई मोहन के साथ लक्ष्मी नगर में किराए पर कमरा लेकर रहता था और दोनों भाई संत कृपाल स्कूल में पढाई कर रहे थे। कल ही सोहन को मन लगाकर पढाई करने की समझा कर गए थे।

## कॉलोनियों में गंदे पानी की समस्या बनी जी का जंजाल

**गंगापुर सिटी ।** नगर परिषद क्षैत्र में नई बसी कॉलोनियो में मूलभूत सुविधाओ का वितस्तार नहीं होने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

अलीगंज रोड भट्टा क्षेत्र में स्थित नेहरू नगर, दीप नगर और जगदंबा बिहार कॉलोनी के निवासी नालों के गंदे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। कॉलोनीवासियों ने इस समस्या के समाधान के लिए एसडीएम विजेन्द्र मीणा को ज्ञापन सौंपा है। स्थानीय निवासी रामावतार मावई के अनुसार, शहर का गंदा पानी नालों के माध्यम से इन कॉलोनियों में प्रवेश कर रहा है। मुख्य सडकों पर लगातार जलभराव की स्थिति बनी रहती है, जिससे लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। कई बार लोग दुर्घटनाओं का भी शिकार हो रहे हैं। गंदे पानी और कीचड के कारण मक्खी-मच्छरों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ गया है। नालों से आने वाली दुर्गंध ने निवासियों का जीना मुश्किल कर दिया है। कॉलोनीवासियों ने नगर परिषद और सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में कॉलोनीवासियों ने इस गंभीर समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके और स्वास्थ्य संबंधी खतरों से बचा जा सके।

## 'निरंतर भक्ति से विकार होते है खत्म'

**सवाईमाधोपुर ।** आवासन मंडल चिंताहरणी बीजासन माता मंदिर पर आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह के चतुर्थ दिवस की कथा में पंडित विजय कुमार शास्त्री ने गजेन्द्र मोक्ष ,समुद्र मंथन , वामन अवतार,श्री राम अवतार ओर श्री राम सीता विवाह की कथा का वर्णन किया।इस अवसर पर राम सीता की सुंदर सजीव झांकी सजाई गई।

कथा का वाचन करते हुए कहा कि मोक्ष प्रदायिनी भागवत कथा श्रवण करने से सारे पापों का क्षय हो जाता है । इससे हमारे नेत्र, कर्ण और वाणी पवित्र हो जाती है। निरंतर भक्ति करते रहने से अंतर्मन के विकारों की ठांथियां खत्म हो जाती हैं ।भागवत रस पान करते रहने से मनुष्य का कर्तव्य बोध बढ़ जाता है जिससे परिवार एवं माता पिता के प्रति सेवा करने का भाव जागृत हो जाता है ।

# करौली में समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**करौली** (निं.सं.) । जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि ठााम पंचायत कैमरी में 2 फरवरी को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए पीएचईडी, विद्युत, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग, चिकित्सा, पशुपालन सहित अन्य संबंधित विभागों को दिये गये निर्देशों की पालना अधिकारी समय सीमा में सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्टेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति एवं मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को ठााम पंचायत के आस पास सडकों का पेचवर्क करने, पीएचईडी के अधिकारी को मेले के दौरान पेयजल की व्यवस्था करने, विद्युत विभाग के अधिकारी को विद्युत की सुचारू व्यवस्था, ढीले तारों को टाईट करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये, ठाामीण विकास एवं पंचायती राज के अधिकारी को ठााम पंचायत में साफ सफाई रखने, सडको की मरम्मत करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश देकर कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये।

बैठक में इसके अतिरिक्त सीएमएचओं को चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, पीएचईडी के अधिकारी को जल जीवन मिशन के तहत बकाया कनेक्शन जारी करने, डेमेज सडकों को दुरूस्त करने, जिले मे पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में राजस्व, माइनिंग, सेल टैक्स, परिवहन एवं आबकारी विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारीयों को दिये।

इसके अलावा अन्य लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारण करने, ई-फाईल एवं ई-डाक की शत प्रतिशत पालना करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक गंगासहाय मीणा, कोषाधिकारी भरतलाल मीणा, सूचना जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा करें प्रदान : शिक्षा सचिव

**भरतपुर** (निस)। शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर रहे। जहॉ उन्होंने मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं महाराजा बदन सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर शिक्षक की भांति शैक्षिणक स्तर को परखकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया तथा शिक्षा अधिकारियों को गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश देने के साथ ही स्कूलों में कराये जाने वाले सौन्दर्यीकरण, विकास कार्य एवं भवन मरम्मत कराये जाने की चर्चा की। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव मौजूद रहे। शासन सचिव ने मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्थाओं व अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से रूबरू होकर शैक्षिणक गुणवत्ता की जांच की। विद्यालय प्रशासन को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करते हुये शैक्षिणक स्तर को बेहतर करने के निर्देश दिये। मास्टर आदित्येन्द्र स्कूल भवन का भ्रमण कर कक्षा कक्षों को देखा। उन्होंने कमरों में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था, दीवारों की मरम्मत एवं फर्श को सुधरवाने के निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय का अवलोकन किया जहॉ पुस्तकालय कक्ष पर नाम अंकित होना नहीं पाया गया तथा पुस्तकालय में निशुल्क वितरण हेतु रखी हुई पाठ्य पुस्तकें पाई गई जिस पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये पुस्तकों को वितरण करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूल में कराये जाने वाले विकास कार्यों एवं भवन मरम्मत के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्कूल में विद्युत व्यवस्था हेतु 20 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाने के भी निर्देश दिये। शासन सचिव ने महाराजा बदन सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्थाओं, पोषाहार सहित विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया।

## दो आरोपी गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी ।** कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बडी कार्रवाई करते हुए दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में आरोपियों से कुल 13.77 ग्राम स्मैक और एक बाइक जब्त की गई है। कोतवाली थाना प्रभारी करणसिंह राठौड के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। पहली कार्रवाई में रेलवे लोको फाटक के पास से कुडगांव निवासी दिलीपसिंह पुत्र विजयसिंह जाट को 7.45 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। दूसरी कार्रवाई में सोनी बाबा चौराहे से खूबपुरा कुडगांव निवासी जगजीवन मीणा पुत्र लोहडे राम मीणा को 6.32 ग्राम स्मैक के साथ पकडा गया।

## मर्ज स्कूल को पुनः चालू कराने के लिए दिया ज्ञापन

**करौली** (निं.सं.) । राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील ने समूचे प्रदेश में राजस्थान सरकार द्वारा हाल ही में बंद किए गए और मर्ज किए गए विद्यालयों को पुनःचालू करने हेतु मुख्यमंत्री,शिक्षा मंत्री,मुख्य सचिव और शिक्षा सचिव के नाम उपखंड अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया।

राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उप शाखा करौली के अध्यक्ष बने सिंह एवं मंत्री पन्नू सिंह ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के नवनिर्वाचित कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास पाराशर और संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश सारस्वत के नेतृत्व में उप शाखा करौली के कार्यकारिणी सदस्यों एवं शिक्षकों ने उपखंड अधिकारी करौली के मार्फत मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री,मुख्य सचिव और शिक्षा सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर मर्ज कर बंद किये जा रहे विद्यालयों को शिक्षा,शिक्षार्थी हित में पुनः चालू करने की मांग की है उन्होंने बताया कि शिक्षा का अधिकार कानून के तहत सभी बच्चों को सुलभ शिक्षा प्राप्त करने हेतु इन विद्यालयों को खोला जाना नितांत आवश्यक है ज्ञापन में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास पाराशर,जिला अध्यक्ष मुकेश सारस्वत, जिला मंत्री पीयूष कुमार शर्मा,करौली उप शाखा मंत्री पन्नू सिंह,जितेंद्र सिंह गोलवार,रामनरेश गुर्जर,मुरारी लाल माली, प्रेमबाबू माली सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में पहुंचे लोग

**करौली** (निं.सं.)। महाराणा प्रताप कि अष्टधातु की मूर्ति का पचगांव रोड सैंपऊ बाईपास के पास श्रीराजपूत सभा एवं समस्त राजपूत समाज धौलपुर के तत्वाधान में मूर्ति अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


- **मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में एमपी विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर आदि मौजूद थे**

श्री राजपूत सभा तहसील इकाई करौली के अध्यक्ष चैरजी सिंह ने बताया कि मूर्ति अनावरण एवं आम सभा कार्यक्रम में मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर,केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत,पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास,पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुड़ा, उद्योगपति मेघराज सिंह,मुरैना सांसद शिवमंगल सिंह,पूर्व विधायक सुनावली मध्य प्रदेश के सतपाल सिंह सिकरवार,पूर्व विधायक दिमनी के रविंद्र सिंह भीरोसा,पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष राजस्थान सरकार धर्मेंद्र सिंह राठौर,पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा,पूर्व विधायक श्रीमती रोहिणी देवी करौली,पूर्व विधायक मनोरमा देवी राजाखेड़ा, उत्तर प्रदेश,महाराष्ट्र एवं अन्य प्रदेशों से काफी तादात में समाज के प्रमुख लोगों ने भाग लिया इस कार्यक्रम में करौली से भी राजपूत समाज का प्रतिनिधी मंडल राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ चैरजी सिंह ने बताया कि पूर्वी राजस्थान में राजपूत समाज कि यह सबसे बड़ी सभा थी जिसमें समाज के राजनेताओं ने पार्टी से ऊपर उठकर समाज के उत्थान पर विचार विमर्श किया ईडब्ल्यूएस के संदर्भ में केंद्र सरकार के द्वारा नियमों में सरलीकरण कर अधिक से अधिक संख्या में पात्र उम्मीदवारों को लाभ दिलाए जाने कि मांग प्रमुखता से रखी गई। सभा में वक्ताओं ने राजपूत समाज के द्वारा विभिन्न राजनीतिक पार्टियों को समर्थन तो दिया जाता है लेकिन राजनीतिक पार्टिया उसको समर्पण नहीं समझे इस प्रकार राजनीतिक पार्टियों को आगाह भी किया गया राजपूत समाज कि किसी भी पार्टी एवं किसी भी समाज से दुश्मनी नहीं है। आमसभा में यह भी निर्णय लिया गया कि जिस प्रकार से समाज पूर्व से ही सभी समाजों को साथ लेकर के चलने का कार्य करता रहा है उसी अनुरूप आज भी सभी समाजों को साथ लेकर के चलने का आवाहन किया गया तथा किसी भी समाज बुरे समय में आने वाली समस्या के समाधान के लिए कंधे से कंधे मिलाकर साथ खडे रहने का आ ान किया गया कार्यक्रम में राजपूत समाज करौली के उधौसिंह एडवोकेट,सामाजिक कार्यकर्ता केसर सिंह नरूका,नरेंद्र सिंह जादौन,गोविंद सिंह सेंगर,अजीत सिंह टटवाई,धर्मेंद्र सिंह मचानी,सत्येंद्र सिंह मांची,पूरन सिंह मचानी, के अलावा काफी तादाद में प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## पेनोरमा तैयारियों का लिया जायजा

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने भरतपुर में प्रस्तावित राजा खेमकरण सोगरिया एवं गोकुला जाट के पेनोरमा की तैयारियों तथा शहर की ऐतिहासिक धरोहरों का मंगलवार को जायजा लेकर अधिकारियों के साथ मौका निरीक्षण किया। लखावत जवाहर नगर स्थित सलूजा हॉस्पीटल से केवलादेव घना गेट, काली बगीची, हीरादास बस स्टैण्ड, रैडक्रॉस सर्किल होते हुये सुजान गंगा नहर किनारे, चौबुर्जा, जनाना अस्पताल होते हुये किला स्थित किशोरी महल पहुंचे। उन्होंने किशोरी महल पहुंचकर महल के चारों ओर भ्रमण कर अवलोकन किया। उन्होंने किशोरी महल के पास स्थित प्राचीन गोपाल जी महाराज मंदिर का भी अवलोकन किया और मंदिर के जीर्णोद्धार करवाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने महल के पास चल रहे विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समय पर पूरे करने के निर्देश दिये। उन्होंने भरतपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों पेनोरमा तथा ऐतिहासिक धरोहरों के सौन्दर्यीकरण कार्यों को मूर्तरूप देने वाली कम्पनी के अधिकारियों के साथ चर्चा कर पेनोरमा निर्माण की विकास कार्यों की प्रगति एवं कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थलों का भी मौका निरीक्षण किया। उन्होंने जिला कलक्टर डॉ अमित यादव एवं भरतपुर विकास प्राधिकरण के सचिव ऋषभ मंडल के साथ शहर में पेनोरमा निर्माण के लिये चिन्हित किये गये स्थानों का मौका निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# मंत्री ने डीग में किया विकास कार्यों का लोकार्पण



**मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने डीग में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।**

**डीग** (निस)। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने मंगलवार को डीग जिले के उपखंड नगर स्थित देवनारायण भगवान के मंदिर पर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 9.99 लाख रुपए से स्थापित 200 एमएम व्यास फ्री फेस नलकूप का निर्माण गांव जटेरी, स्थान जटेरी धाम मंदिर में प्रांगण में स्थापित निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इसी प्रकार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 9.99 लाख रुपए से स्थापित 200 एमएम व्यास फ्री फेस नलकूप का निर्माण देवनारायण मंदिर के पास किए गए निर्माण कार्य का भी लोकार्पण किया गया। वहीं देवनारायण भगवान नमः देवनारायण भगवान मंदिर, भरतपुर-अलवर बॉर्डर के प्रांगण में सीसी रोड का लोकार्पण भी बेढ़म के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ। गृह राज्य मंत्री डीग जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे। वे मंगलवार को जयपुर से प्रातः 7 बजे रवाना होकर 10 बजे अलवर-भरतपुर बॉर्डर पर स्थित श्री देवनारायण मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने नवीन डीप बोर एवं नवनिर्मित सीसी रोड का उद्घाटन किया। गृह राज्य मंत्री ने 11.30 बजे श्री देवनारायण मंदिर से रवाना होकर 12 बजे दौराला, नगर में पहुंचकर विकास कार्यों का अवलोकन कर सामाजिक कार्यक्रम में भाग लिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने श्री श्याम बाबा के मंदिर पर आयोजित संस्कृत कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

